BRAMPTON

**Media Release**

तुरंत रिलीज के लिए

## न्यूकमर बस टूर पर हमारे साथ ब्रैम्पटन में घूमें!

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (30 नवंबर, 2022) – जो निवासी 1 जनवरी, 2019 के बाद ब्रैम्पटन में आए हैं, उन्हें ब्रैम्पटन लाइब्रेरी (Brampton Library), ब्रैम्पटन ट्रांज़िट (Brampton Transit) और सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के साथ मुफ्त न्यूकमर बस टूर (Newcomer Bus Tour) करने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

टूर की झलकियों में शामिल हैं, ब्रैम्पटन सिटी हॉल (Brampton City Hall) और गेज पार्क (Gage Park), शानदार फेस्टिव लाइटें, अस्पताल, कम्युनिटी सेंटर, बस और ट्रेन स्टेशन तथा लाइब्रेरी ब्रांचें। ब्रैम्पटन के बारे में जानने के लिए टूर में शामिल हों!

अंग्स मोवाट अवॉर्ड फॉर एक्सिलेंस इन पब्लिक लाइब्रेरी सर्विस (Angus Mowat Award for Excellence in Public Library Service), अमेरिकन पब्लिक लाइब्रेरी एसोसिएशन अपस्टार्ट इनोवेशन अवॉर्ड (American Public Library Association Upstart Innovation Award) और द कैनेडियन अर्बन ट्रांज़िट एसोसिएशन (सी.यू.टी.ए.) (The Canadian Urban Transit Association) (CUTA) के द्वारा अवॉर्ड से सम्मानित किया जाने वाला यह न्यूकमर बस टूर अवश्य करें।

सर्दी के टूर, 6 और 8 दिसम्बर को शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक होंगे। निवासी ऑनलाइन, bramptonlibrary.ca पर या 905.793.4636 पर फोन करके रजिस्टर कर सकते हैं।

**हवाले**

“सिटी ऑफ ब्रैम्पटन को, उन निवासियों हेतु न्यूकमर बस टूर प्रदान करने के लिए ब्रैम्पटन लाइब्रेरी के साथ दुबारा साझेदारी करने पर बेहद खुशी है, जो 2019 के बाद हमारी कम्युनिटी में आए हैं। ब्रैम्पटन एक मोजैक है और हमारा शहर, विविध, मल्टीकल्चरल, युवा और तेज़ी से बढ़ने वाली आबादी के लिए घर है। ये टूर, नए ब्रैम्पटन निवासियों को उनके लिए उपलब्ध ऐसी म्युनिसिपल पेशकशों का परिचय कराने का शानदार अवसर प्रदान करते हैं, जो उनकी जीवन गुणवत्ता में सुधार करने का काम करती हैं।”

*- पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"ब्रैम्पटन ट्रांज़िट को, हमारी सवारियों के लिए स्वागत और भागीदारी वाला माहौल प्रदान करने पर गर्व है। यह टूर नए आने वालों के लिए, हमारे मित्रतापूर्ण स्टाफ को मिलने, सवाल पूछने और हमारे ट्रांज़िट नेटवर्क के सुविधा और फायदों का अनुभव करने का शानदार तरीका है।"

*- एलेक्स मिलोजेविक (Alex Milojevic), जनरल मैनेजर, ब्रैम्पटन ट्रांज़िट*

“हम लगातार यह टूर पेश करने पर बहुत उत्साहित हैं, जो हमारे बिल्कुल नए निवासियों को, ब्रैम्पटन में मौजूद सभी पेशकशों का स्वागत वाला परिचय प्रदान करता है। यह, ब्रैम्पटन लाइब्रेरी द्वारा संबंधों को प्रेरित करने का एक और तरीका है!”

*- टोड काइल (Todd Kyle), चीफ एग्जीक्यूटिव अफसर, ब्रैम्पटन लाइब्रेरी*

-30-

**सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के बारे में**

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**ब्रैम्पटन लाइब्रेरी के बारे में**

वस्तुएं लेने के लिए, अपने ब्रैम्पटन कार्ड नंबर और पिन के साथ उन्हें ऑनलाइन आरक्षित करें (Reserve them online with your Brampton Library card number and PIN)। ईबुक्स और ई-लर्निंग सहित, हमारे ऑनलाइन कलेक्शन्स तक मुफ्त पहुंच (free access to our online collections) के बारे में जानकारी प्राप्त करें। हमारी आठ ब्रांचों के लिए, संचालन के घंटे (hours of operation) और पूरे विवरण देखें। हमारे, कैलंडर ऑफ इवैंट्स (calendar of events) के द्वारा हर उम्र और रुचि वाले व्यक्तियों के लिए व्यक्तिगत और वर्चुअल (आभासी) प्रोग्रामों के लिए रजिस्टर करें और हमारे ईमेल अपडेट्स के लिए सब्स्क्राइब करें (subscribe to our email updates)। हमें Facebook, Twitter, Instagram, YouTube, और LinkedIn पर फॉलो करें और iOS और Google Play पर ब्रैम्पटन लाइब्रेरी का मोबाइल ऐप जरूर डाउनलोड करें। हमारे ऐप के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करें (Learn more about our app)। हमारे स्टाफ के साथ लाइव चैट या सवाल पूछने के लिए, (live chat with our staff, or Ask A Question) हमारी वेबसाइट पर जाएं।

**ब्रैम्पटन ट्रांज़िट के बारे में**

ब्रैम्पटन ट्रांज़िट, कैनेडा में सबसे अधिक तेज़ी से बढ़ने वाले ट्रांज़िट सिस्टमों में से एक है। सुविधाजनक और सुलभ, ब्रैम्पटन ट्रांज़िट के, 65 से अधिक रूट (more than 65 routes) हैं, जो शहर और पड़ोसी म्युनिसिपल्टीज को जोड़ते हैं। सवारियां अपनी ट्रिप की योजना एडवांस में, ट्रिपलिंक्स (Triplinx) के साथ बना सकती हैं। ई-न्यूज़लेटर (e-newsletter) के लिए साइन अप करें या ब्रैम्पटन ट्रांज़िट को, Twitter, Instagram और Facebook पर फॉलो करें। अधिक जानकारी के लिए, bramptontransit.com पर जाएं।

**मीडिया संपर्क**

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca

ब्रैम्पटन लाइब्रेरी
jdickenson@bramptonlibrary.ca
416.605.9749